# 78 वें स्वतंत्रता दिवस पर सांसद राधेश्याम राठिया ने किया ध्वजारोहण

- शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में हुआ जिला स्तरीय समारोह
- स्कूली बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुति
- रायगढ़ जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस







**रायगढ़**

रायगढ़ जिले में 78 वां स्वतंत्रता दिवस हर्ष व उल्लास के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय के शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने ध्वजारोहण किया। पुलिस टुकड़ी ने मुख्य अतिथि को सलामी दी। सांसद राठिया ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया तथा सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा शांति के प्रतीक श्वेत कपोत व विकास के प्रतीक तिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़े गये। इस अवसर पर मंच पर कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल उपस्थित रहे। स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में परेड की सलामी के पश्चात मुख्य अतिथि ने परेड का निरीक्षण किया। समारोह में 6वीं बटालियन छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल, नगर सेना व एनसीसी कैडेट की टुकडिय़ों द्वारा मार्च पास्ट किया गया। इस अवसर पर सांसद राधेश्याम राठिया ने स्वतंत्रता सेनानी एवं शहीद परिवारजनों को शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया।

सांसद राधेश्याम राठिया ने जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों के कठिन संघर्ष और बलिदान से हमें आजादी मिली है। आजादी के लिए हमारे पुरखों ने अंग्रेजी साम्राज्यवाद के विरूद्ध लंबा संघर्ष किया। उनके बलिदान और संघर्षों के फलस्वरूप मिली आजादी को हमें अक्षुण बनाए रखना है। लोकतांत्रिक ताकतों को मजबूत बनाना है। महात्मा गांधी के नेतृत्व में पूरे देश के स्वाधीनता सेनानियों के साथ ही छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने भारत माता की परतंत्रता की बेडिय़ों को तोडऩे के लिए जो अनथक मेहनत की, उसके सुखद परिणाम स्वरूप आज हम स्वतंत्र वातावरण में सांस ले रहे हैं। आज जिस स्वतंत्रता का उपभोग कर रहे हैं, वह हमारे पुरखों के बलिदान का प्रतिफल है। बाबा साहेब अम्बेडकर का संविधान आज लोकतंत्र को आगे बढऩे की राह दिखा रहा है। यह हमारे लिए एक प्रकाश स्तंभ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारत को वर्ष 2047 तक विकसित देश बनाने के संकल्प में छत्तीसगढ़ प्रभावी भूमिका अदा कर रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को लेकर राज्य के चहुंमुखी विकास के लिए नई-नई योजनाएं तैयार कर रही है। जिससे सभी वर्गों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो।

समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, उमेश अग्रवाल, अरूणधर दीवान, पंकज कंकरवाल, कौशलेश मिश्रा, शीला तिवारी, सुरेश गोयल, रत्थू गुप्ता, सुरेन्द्र पाण्डेय, प्रवीण द्विवेदी, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, डीएफओ रायगढ़ स्टाइलो मंडावी, एडीएम संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय, कमांडेट 6 वीं बटालियन सुरेशा चौबे, एडिशनल एसपी रामगोपाल करियारे, सीएसपी आकाश शुक्ला, नगर निगम आयुक्त सुनील कुमार चंद्रवंशी, एसडीएम रायगढ़ प्रवीण तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन प्राचार्य राजेश डेनियल एवं रणजीत कौर घई ने किया।

**परेड व सांस्कृतिक कार्यक्रम के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत**

स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद राधेश्याम राठिया ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इनमें परेड कमांडर-रक्षित निरीक्षक अमित सिंह एवं सेकेण्ड इन कमांड-उप निरीक्षक गेंद लाल साहू शामिल थे। इसी तरह सर्वश्रेष्ठ परेड प्रदर्शन (जूनियर एवं सीनियर) में प्रथम-संस्कार पब्लिक स्कूल रायगढ़ एवं द्वितीय-नटवर इंग्लिश स्कूल रायगढ़, सर्वश्रेष्ठ परेड प्रदर्शन (पुलिस बल)में प्रथम-छ.ग.सशस्त्र बल 6 वीं वाहिनी रायगढ़ एवं द्वितीय-नगर सेना महिला बल रायगढ़ रहे। सर्वश्रेष्ठ सांस्कृतिक कार्यक्रम (समूह नृत्य) में प्रथम-सेंट टेरेसा स्कूल रायगढ़, द्वितीय-सेंट जेवियर्स स्कूल रायगढ़, तृतीय-कार्मेल कान्वेंट स्कूल रायगढ़ एवं सहभागिता में आदर्श बाल मंदिर एवं आदिवासी कन्या आश्रम गोढ़ी को मिला। इसी प्रकार बैण्ड के लिए सेंट टेरेसा स्कूल रायगढ़ को विशिष्ट पुरस्कार मिला।

**उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुए सम्मानित**

इस अवसर पर सांसद राधेश्याम राठिया ने विभिन्न विभागों तथा संस्थाओं के उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिनमें जिला कार्यालय सहित अन्य विभागों से उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित होने वालों में भगवती प्रसाद लक्ष्मे, जय प्रकाश एक्का, श्याम देव साहू, डेविड टोप्पो, अमित तिर्की, देवकुमारी भारते, जेनिपा पन्ना, प्रवीण कुमार राज, कुलदीप खैरवार, अखिलेश श्रीवास, हरिश यादव, प्रोमेश्वरी राठिया, राकेश कुमार नेताम, ऋषि पटेल, लकेश्वर निषाद, गोपाल सिदार, रोबिन बंजारे, अनिल मिश्रा, माया वर्मा, दीपक पटेल, सुषमा स्वर्णकार, किरण पटनायक, राजकुमार राठिया, डॉ.राजकुमार गुप्ता, डिलेश पटेल, भवानी शंकर भोई, एल.के.जांगड़े, रागिनी राठौर, राधा महाणा, विक्टोरिया टोप्पो, अंजनी कुमार राव, खिलेन्द्र देवांगन, दिनेश्वर प्रसाद श्रीवास, इंद्रावती भगत, मुरली दास महंत, समी उस्ला खान, कुमार सिंह कार्निक, रामकुमार भगत, अरखित कुमार राठिया, हेरमन खलखो, लखेश्वरी रेहाना खान, ईश्वर निषाद, पंकज मिश्रा, डॉ.संजीव कुमार गुप्ता, हेमन्त केरकेट्टा शामिल है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### कलेक्टर गोयल ने स्पोर्ट्स क्लब में किया ध्वजारोहण



**रायगढ़।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज स्पोर्ट्स क्लब रायगढ़ में झंडा फहराया। इस अवसर पर स्पोर्ट्स क्लब के पदाधिकारी एवं खिलाड़ी मौजूद रहे।

### कलेक्टर गोयल ने कलेक्टर निवास में किया ध्वजारोहण

**रायगढ़।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज कलेक्टर निवास में ध्वजारोहण किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनायें दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय, स्टेनो टू कलेक्टर सूरज खर्रा व संदीप यादव, मुकेश शर्मा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर गोयल ने कलेक्टर कार्यालय में किया ध्वजारोहण

**रायगढ़।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कलेक्टर कार्यालय में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी व छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनायें दी। इस अवसर पर एडीएम संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्वतंत्रता दिवस पर पुलिस कार्यालय और थाना, चौकी प्रांगण में किया ध्वजारोहण



**रायगढ़।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रायगढ़ में पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल ने पुलिस कार्यालय में ध्वजारोहण किया। इस मौके पर सशस्त्र सलामी गार्ड के साथ, पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। दिव्यांग पटेल ने इस मौके पर जिले के सभी पुलिसकर्मियों और जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। रायगढ़ के सभी थाना, चौकी, और पुलिस अनुविभागीय कार्यालय में भी सुबह-सुबह ध्वजारोहण किया गया। इन समारोहों में राष्ट्रगान गूंजा और भारत माता की जयकारे के साथ जोश और उत्साह का माहौल बना रहा। कई स्थानों पर हुए ध्वजारोहण कार्यक्रमों में स्कूली बच्चे और शिक्षक भी शामिल हुए, जिन्होंने देशभक्ति की भावना को और भी मजबूत किया।

## उद्योगों को सेवाओं की सुलभता हेतु सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 के माध्यम से ऑनलाइन पोर्टल प्रारंभ

- स्थानीय उद्यमियों को ऑनलाइन पोर्टल के उपयोग की जानकारी देने 21 अगस्त को होगी जिला स्तरीय कार्यशाला

**रायगढ़**

प्रदेश के उद्योगों को 16 विभागों वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, श्रम विभाग, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल, वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग, नगर एवं ग्राम निवेश विभाग, बॉयलर निरीक्षणालय, जल संसाधन विभाग, भू-अभिलेख, सहकारिता एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना विभाग, अग्नि एवं आपातकालीन सेवाएँ, नियंत्रक विधिक माप विज्ञान, मुख्य विद्युत निरीक्षणालय और नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के माध्यम से मिलने वाली 90 सेवाओं को सिंगल विण्डो सिस्टम 210 के जरिए उपलब्ध कराने हेतु ऑनलाईन पोर्टल का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किया गया है।

स्थानीय उद्योगों के उद्यमियों को उक्त पोर्टल का उपयोग करने के लिए समुचित प्रचार-प्रसार हेतु 21 अगस्त 2024 को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, रायगढ़ में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। मुख्य महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़ द्वारा जिले के अधिक से अधिक उद्यमियों को उक्त कार्यशाला में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

## मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु निशुल्क कोचिंग सहायता योजना संचालित

- पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं उनके आश्रित संतान से मंगाए गए ऑनलाईन आवेदन

**रायगढ़**

छ.ग.भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु नि:शुल्क कोचिंग सहायता योजना योजनाएं मुख्य रूप से संचालित है। पात्रता मंडल में पंजीकृत श्रमिक की एक वर्ष की नियमित सदस्यता होना आवश्यक है योजना के तहत पंजीकृत श्रमिक अथवा उनके प्रथम दो संतानों को ही योजना का लाभ देय होगा। देय लाभ मंडल अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं उनके संतानों को शैक्षणिक योग्यता अनुरूप प्रतियोगिता परीक्षाओं जैसे-पीएससी (लोक सेवा आयोग), सीजी व्यापम (छ.ग.व्यावसायिक परीक्षा मंडल), एसएससी (कर्मचारी चयन आयोग),आईबीपीएस (बैंकिंग), रेलवे, पुलिस भर्ती परीक्षा हेतु चयनित कोचिंग संस्थानों के माध्यम से नि:शुल्क कोचिंग प्रदान किया जाना प्रावधानित है।

श्रम विभाग अंतर्गत छ.ग.भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत निर्माण मजदूरों का एवं असंगठित कर्मकार मंडल के अंतर्गत असंगठित कर्मकारों का पंजीयन किया जाता है। छ.ग.भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत 69,766 मजदूरों का पंजीयन हुआ है एवं असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत 70,244 मजदूरों का पंजीयन हुआ है। श्रमिक पंजीयन हेतु मुख्य दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, बैंक खाता, लाईव फोटो, निर्माण श्रमिक हेतु स्व-घोषणा प्रमाण पत्र एवं स्वयं का मोबाईल नंबर आवश्यक है।

विभाग के अंतर्गत श्रमिक पंजीयन नि:शुल्क है एवं किसी भी सी.एस.सी. सेंटर अथवा किसी भी कम्प्यूटर के द्वारा किया जा सकता है। वर्तमान में शासन द्वारा श्रम विभाग के पंजीयन एवं योजनाओं के आवेदन हेतु मोबाईल एप्प श्रमेव जयते जारी किया गया है, जिसमें श्रमिक स्वत: ही अपना पंजीयन कर सकते है एवं पंजीकृत श्रमिक योजना हेतु आवेदन कर सकते है। उक्त आवेदन google playstore अथवा श्रम विभाग की वेबसाईट cglabour.nic पर उपलब्ध है।

आवश्यक दस्तावेज-

प्रशिक्षणार्थी का आधार कार्ड, श्रमिक पंजीयन कार्ड, योजना के संबंध में स्व-घोषणा प्रमाण पत्र (श्रमिक का)एवं प्रशिक्षणार्थी का शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र/अंक सूची की प्रति संलग्न करना होगा।

## महिला समूहों की वसूली राशि गबन कर फरार हुआ शाखा मैनेजर गिरफ्तार, धोखाधड़ी के अपराध में भेजा गया रिमांड पर

**रायगढ़**



क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण लिमिटेड की घरघोड़ा शाखा में हुई वित्तीय घोटाले के फरार आरोपी शाखा के केंद्र मैनेजर मुकेश नंदे को घरघोड़ा पुलिस ने गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। वर्ष 2020 में शाखा मैनेजर ने महिला समूहों से वसूली गई बड़ी रकम का गबन करने का आरोप है। इस मामले की शुरुआत प्रार्थी त्रिभुवन रात्रे की शिकायत से हुई, जिसमें उन्होंने बताया कि मुकेश नंदे ने महिला समूहों से वसूली गई राशि को शाखा में जमा न करके धोखाधड़ी की है।

**घटना का खुलासा और जांच की प्रक्रिया-** नवंबर 2021 में पुलिस अधीक्षक रायगढ़ को प्रेषित शिकायत की जांच के दौरान यह पाया गया कि मुकेश नंदे ने महिला समूहों से व्यापार और धंधे के लिए दिए गए ऋण की कुल राशि रु.3,01,807 में से रु.2,66,524 की रकम वसूल कर उसे शाखा में जमा नहीं किया। इसके बजाय, उन्होंने इस रकम को अपने व्यक्तिगत उपयोग में खर्च कर दिया। शिकायत जांच पर मुकेश नंदे के खिलाफ 29 मार्च 2022 को अपराध क्रमांक - 91/2022 धारा 420 भादवि के तहत मामला दर्ज किया गया था।

विवेचना में पुलिस ने प्रार्थी और गवाहों के बयान दर्ज किए और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मुकेश नंदे, घटना के बाद से लगातार फरार था। काफी प्रयासों के बाद पुलिस ने आरोपी का पता लगाकर उसे हिरासत में लिया।

मुकेश नंदे ने पुलिस पूछताछ के दौरान स्वीकार किया कि उन्होंने रु.2,66,513 का उपयोग खाने-पीने और घूमने-फिरने में कर लिया है। उन्होंने केवल रु.1,100 की बची हुई राशि अपने पास रखी थी, जिसे पुलिस ने बरामद किया। इसके साथ ही, पुलिस ने आरोपी के नमूना हस्ताक्षर भी जप्त किए हैं।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन व एसडीओपी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी के मार्गदर्शन पर निरीक्षक अमित तिवारी द्वारा मामले की गहनता से जांच कर आरोपी के खिलाफ पुख्ता साक्ष्य जुटाकर आरोपी मुकेश नंदे पिता अंकूर नंदे उम्र 27 वर्ष साकिन ग्राम तड़ोला, थाना घरघोडा जिला रायगढ़ को आज गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## रायगढ़ हाईवे पर नाकाबंदी में तीन तस्कर गिरफ्तार, 2.8 किलोग्राम गांजा बरामद

**रायगढ़**



रायगढ़-उड़ीसा हाईवे पर कांशीराम चौक के पास जूटमिल पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नाकाबंदी करते हुए गांजा रेड कार्रवाई को अंजाम दिया गया। नाकाबंदी के दौरान, एक काले रंग की होंडा एक्टिवा स्कूटी (क्र. CG-11-BK-7251) में तीन व्यक्ति उड़ीसा की ओर से रायगढ़ की ओर आते हुए पाए गए। स्कूटी को रोककर पुलिस ने जब पूछताछ की, तो स्कूटी चालक ने अपना नाम अश्वनी खुटे (30 वर्ष) बताया, जो छोटे खैरा, थाना सारंगढ़, जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ का निवासी है और वर्तमान में भजनडीपा, थाना जूटमिल, रायगढ़ में रहता है। स्कूटी के पीछे बैठे दो व्यक्तियों ने अपने नाम मुन्ना निषाद (42 वर्ष) और गौरी शंकर साहू (40 वर्ष) बताए, दोनों उल्खर, थाना सारंगढ़, जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के निवासी हैं।

मुखबिर की सूचना के आधार पर जब स्कूटी की तलाशी ली गई, तो स्कूटी की डिक्की से खाकी रंग के टेप और नीले रंग के प्लास्टिक पन्नी में लिपटे 3 पैकेट मादक पदार्थ (गांजा) बरामद हुए। बरामद गांजे का कुल वजन 2.794 किलोग्राम (42,000 रूपये) पाया गया। पुलिस ने अवैध गांजा और स्कुटी को विधिवत जप्त किया गया है।

आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर थाना जूटमिल में कार्रवाई की गई। आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेजा गया है। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज, सहायक उप निरीक्षक राजेन्द्र पटेल, प्रधान आरक्षक दिलदार कुरैशी सतीश पाठक, आरक्षक नरेश रजक, शशिभूषण साहू, और अनिरूध सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सेनानियों के कुर्बानियों को स्मरण कर स्वतंत्रता के मूल्यों और आदर्शों को रखें बनाएं-कलेक्टर गोयल

- अपने आने वाली पीढ़ी को स्वतंत्रता दिवस के प्रति सम्मान और बलिदान के महत्व को जरूर बताएं
- कलेक्टोरेट के अधिकारियों-कर्मचारियों ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

**रायगढ़**





स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने सृजन सभाकक्ष में कलेक्ट्रेट के अधिकारियों-कर्मचारियों से भेंट की और सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी।

कलेक्टर गोयल ने कहा कि इस वर्ष हम देश की आजादी की 78 स्वतंत्रता दिवस मना रहे। यह स्वतंत्रता हमें कड़े संघर्षों और अनगिनत कुर्बानियों के बाद मिली है। हमें सदैव इसका स्मरण रखते हुए स्वतंत्रता के मूल्यों और आदर्शों को बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि हम अपने देश के बच्चे है। जैसे बच्चे अपने अभिभावक का सम्मान करते है उसी प्रकार हमें भी अपने देश का ख्याल और सम्मान करना होगा। इसके लिए हमें कड़ी मेहनत करनी होगी और देश की शान को आगे बढ़ाना होगा। अगर भारत अपने गांव में बसता है तो जिले के प्रशासकीय अमले से चलता है। हमें गर्व होना चाहिए कि हम सब आजाद देश के नागरिक है। आप सभी अपने आने वाली पीढ़ी को इस दिन के प्रति सम्मान और बलिदान के महत्व को जरूर बतायें। हमें अपनी जिम्मेदारियों से परिचित होना चाहिए और विपरीत परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्य निर्वहन पर अडिग रहना चाहिए। हम और आपके जैसे अनगिनत लोग देश के लिए कार्य कर रहे है। यही चेन की कड़ी के रूप में देश के विकास का संतुलन बनाकर रखी है और इन कडिय़ों को अटूट रखना है। आप अपने कार्यों को पूर्ण निष्ठा के साथ करें, ताकि हम जनसामान्य के लिए बेहतर कर सके। जब किसी व्यक्ति का कार्य करते है और वह संतुष्ट होता है, यही देश को एक बनाता है। राष्ट्र निर्माण में सभी की भूमिका महत्वपूर्ण है। हमें अपने कार्यों का निर्वहन पूरी संवेदनशीलता व निष्ठा से करना है। जिससे अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक हम शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचा सकें।

सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने कहा कि आपने आजादी के संघर्ष को नहीं देखा है, तो समझना मुश्किल है। आजादी का महत्व उस व्यक्ति को पता होगा जो युद्ध में जा रहे होंगे और उन्हे पता होगा कि वे वापस नहीं आ पायेंगे। उन्होंने आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए जो सर्वोच्च बलिदान होता है। उन्होंने कहा कि विभिन्न देशों में ऐसी परिस्थितियां निर्मित हो रही है जो उसके आजादी को चकनाचूर कर रही है। हमें अपने आजादी के प्रति सतर्क रहना होगा। हमें जाति, धर्म, क्षेत्रीय वाद से ऊपर उठकर भारतीय की पहचान निर्मित करनी होगी। अच्छे नागरिक होने के नाते नियमों का पालन और जनसामान्य के कार्यों को त्वरित करना चाहिए।

अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय ने कहा कि हमें जो चीज आसानी से मिल गई है उसका हम सम्मान नहीं करते। हमें अपने बुजुर्गो से पूछना चाहिए कि कैसे हमारी आजादी को कुचला गया था। आज संविधान से हमें बराबरी का हक मिला और आज हम सब इस कक्ष में बैठे है। जो काम एक तलवार नही कर सकती, एक सुई कर देती है। इसलिए आप सभी अपने स्थानों में महत्वपूर्ण है। सभी अपने कार्यों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करें। इस अवसर पर एडीएम संतन देवी जांगड़े, डिप्टी कलेक्टर महेश शर्मा, रेखा चन्द्रा, सहित जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

स.क्र./92/ भूपेश फोटो.. 41 से 45

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480